ESTD. 2001

STEPPING STONE
SCHOOL (HIGH)

**Class- V**

**Sub- 2nd language** (Hindi).

**Time- 30minutes**

**Topic- Handwriting & Spelling**

**Date- 20/05/2020**

**Worksheet- 13**

दिए गए गद्यांश को पढ़िए और देखकर सुलेख लिखिए। फिर रेखांकित वर्तनी को एक पृष्ठ पर साफ़-साफ़ लिखिए और दिनांक अनुसार सजाकर रखिए।

# 4 खुदा से मुलाकात

बचपन में शेखचिल्ली ने अपनी अम्मी से पूछा–"अम्मी जान! दूध सफ़ेद क्यों होता है?"

"बेटा दूध इसलिए सफ़ेद होता है, क्योंकि इसे अल्लाह ने बनाया है।"

"अम्मी! अल्लाह ने दूध को सफ़ेद ही क्यों बनाया है?"

"क्योंकि अल्लाह की दाढ़ी सफ़ेद होती है।" अम्मी जान ने कहा।

"तो फिर अल्लाह का रूप भी सफ़ेद ही होगा।" शेखचिल्ली ने जिज्ञासावश पूछा।

"ज़रूर होगा बेटा।" अम्मी जान ने फिर शेख को समझाते हुए बताया।

एक बार की बात है। शेखचिल्ली रात में घूमने निकले। उन्हें घूमते हुए एक सफ़ेद दाढ़ी वाला व्यक्ति मिला। उन्हें फ़ौरन अपनी अम्मी के कहे हुए शब्द याद आ गए। नन्हे शेखचिल्ली ने उस व्यक्ति से पूछा–"मौलवी साहब! आपकी दाढ़ी सफ़ेद क्यों है?"

"मैं बूढ़ा हो गया हूँ इसलिए मेरी दाढ़ी सफ़ेद है।" बूढ़े ने कहा।

"क्या मेरी दाढ़ी भी सफ़ेद हो जाएगी?"

"हाँ बेटा! जब तुम बूढ़े हो जाओगे, तब तुम्हारी दाढ़ी भी सफ़ेद हो जाएगी।"

मियाँ शेखचिल्ली ने कुछ सोचते हुए कहा–"इसका मतलब तो ये है कि अल्लाह भी बूढ़ा हो गया है।"

"कैसे?" मौलवी ने पूछा।

"उसकी दाढ़ी भी सफ़ेद है न इसलिए।"

"कौन कहता है तुमसे ये सब बातें?"

"मेरी अम्मी ने मुझे अल्लाह के बारे में बताया है।"

"क्या उन्होंने अल्लाह को देखा है?"

शेखचिल्ली ने जवाब दिया–"हाँ! मेरी माँ ने अल्लाह को देखा है।"